# राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमांकः राजुवास / बी.वी.एससी. एण्ड ए.एच. प्रवेश / 2022–23 / 111 दिनांकः 28.01.2023

**<u>BVSc & AH पाठ्यक्रम में रिक्त रही सीटों को ऑफलाईन काउंसलिंग (तृतीय चरण) द्वारा भरने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना</u>**

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के संघटक एवं सम्बद्ध निजी वेटरनरी कॉलेजों में प्रवेश हेतु दिनांक 28.01.2023 को आयोजित (द्वितीय चरण) ऑफलाइन काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त रही सीटों को राज्य की प्रवेश नीति के अनुसार रूपान्तरित कर भरने हेतु **दिनांक 31.01.2023 (मंगलवार) को प्रातः 9 बजे वेटरनरी ऑडिटोरियम, राजुवास, बीकानेर में ऑफलाईन काउंसलिंग (तृतीय चरण) निर्धारित की गई है।**

इस काउंसलिंग में प्रवेश आवंटन प्रक्रिया में रिक्त रही / उपलब्ध सीटों पर RPVT-2022 के इच्छुक पात्र एवं योग्य अभ्यर्थियों को नियमानुसार प्रवेश आवंटित किया जाऐगा। RPVT-2022 के केवल राजस्थान मूल के ही वे पंजीकृत अभ्यर्थी इस काउंसलिंग द्वारा प्रवेश आवंटन प्रक्रिया में शामिल किये जायेंगे जिन्होने दिनांक 15.10.2022 से 10.11.2022 तक अपना काउंसलिंग ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अंतिम रूप से प्रस्तुत (Submit) किया है।

परन्तु इन में से इस ऑफलाईन काउंसलिंग में प्रवेश आवंटन प्रक्रिया के क्रम में वे पंजीकृत अभ्यर्थी भाग नहीं ले सकेंगे जिन्हें सत्र 2022–23 की पहले से तृतीय चरण की काउंसलिंग तक आयोजित ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया द्वारा किसी भी चरण में कॉलेज एवं सीट आवंटित की गई परन्तु वे प्रवेश प्रकिया के क्रम में अपने रिपोर्टिंग दिवस पर अनुपस्थित रहे, अर्थात उन्होने आवंटित कॉलेज में प्रवेश नहीं लिया।

सत्र 2022–23 की विभिन्न चरणों में आयोजित ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया द्वारा कॉलेज एवं सीट आवंटित अभ्यर्थी जिन्होनें आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली है, वे इच्छुक अभ्यर्थी इस विज्ञप्ति में दिये गये विवरण के अनुसार इस काउंसलिंग में भाग ले सकते है, परन्तु उनकी शिफ्टिंग (Upgradation) अन्य कॉलेज में उनकी केटेगरी की सीट रिक्त होने पर ही नियमानुसार संभव होगी।

काउंसलिंग में अभ्यर्थी की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य है। अभ्यर्थी का प्रतिनिधि काउंसलिंग में भाग लेने हेतु मान्य नहीं होगा। **काउंसलिंग में किसी अपरिहार्य कारणवश बुलाये गये दिवस पर देरी से पहुँचने वाले अभ्यर्थी के प्रवेश हेतु विचार किया जा सकेगा, बशर्ते उसके रिर्पोटिंग समय पर उसकी श्रेणी में कोई सीट आवंटन हेतु उपलब्ध हो।** प्रवेश योग्य पात्र अभ्यर्थी की इस काउंसलिंग में व्यक्तिगत अनुपस्थिति के सम्बंध में यह माना जायेगा कि वह इस काउंसलिंग द्वारा बी.वी.एससी. एण्ड ए.एच. पाठ्यक्रम में उक्त वर्णित महाविद्यालयों / सीटों पर प्रवेश लेने का इच्छुक नहीं है। इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित अभ्यर्थी की ही होगी।

जिन अभ्यर्थियों को पूर्व में की गई विभिन्न चरणों की ऑनलाईन काउंसलिंग में कोई भी कॉलेज आवंटित नहीं हुआ है वे प्रवेश लेने के इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी आवश्यक रूप से अपने साथ नीचे लिखे सभी सम्बन्धित मूल दस्तावेज, अंकतालिकाओं एवं निर्धारित फीस के साथ काउंसलिंग में उपस्थित हों।

**प्रवेश आबंटित अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अन्य सभी औपचारिकताऐं (आवश्यक / निर्देशित शुल्क एवं प्रवेश सम्बन्धित सभी मूल दस्तावेज आदि जमा करवाना) प्रवेश प्रक्रिया के समय ही काउंसलिंग स्थल पर पूर्ण करनी होंगी, इसके लिए उन्हें कोई अतिरिक्त समय नही दिया जायेगा।** इसके अभाव में उसका प्रवेश आवंटन निरस्त मानते हुए इस रिक्त सीट पर मेरिट में अगले प्रवेश योग्य अभ्यर्थी को प्रवेश आवंटित कर दिया जायेगा। **फीस हेतु चैक, पोस्टल ऑडर, आर.टी.जी.एस. / एन.ई.एफ.टी. अंतरण इत्यादि स्वीकार नही होंगे।**

- **<u>विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों में रेग्यूलर सीट आवंटित सामान्य केटेगरी छात्र की फीस रूपये 17,340 / – एवं अन्य सभी श्रेणियों के छात्र–छात्राओं की फीस रूपये 6,340 / – (हॉस्टल</u>**

**फीस अतिरिक्त) निर्धारित है जो कि नगद रूप में जमा करवानी होगी। विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों में पेमेन्ट सीट आवंटित अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के समय ही पेमेन्ट सीट फीस की राशि रू. 3,00,000/–(तीन लाख रुपये मात्र) "Dean, College of Veterinary and Animal Science Bikaner" payable at Bikaner के नाम डिमांड ड्राफ्ट के रूप में एवं रेग्यूलर सीट फीस की राशि उक्त विवरण अनुसार नगद रूप में काउंसलिंग स्थल पर जमा करवानी होगी।**

- **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों में सीट आवंटित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के समय ही काउंसलिंग स्थल पर रू. 5,50,000/– (पांच लाख पचास हजार रुपये) "Dean, College of Veterinary and Animal Science Bikaner" payable at Bikaner के नाम डिमांड ड्राफ्ट के रूप में आवश्यक रूप से जमा करवाने होंगे।**

**अभ्यर्थी काउंसलिंग के समय निम्नलिखित मूल अंकतालिकाएं एवं प्रमाणपत्र आवश्यक रूप से साथ लेकर आवें:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Photo copy of Aadhar Card | 9. | 10th Marks sheet & Certificate |
| 2. | RPVT-2022 Application Form | 10. | 11th Mark Sheet |
| 3 | RPVT-2022 Admit Card | 11. | 12th Marks Sheet & Certificate |
| 4. | RPVT-2022 Marks Sheet | 12. | Character Certificate from Principal of last attended Institute |
| 5. | RPVT-2022 Online Counselling Registration form | 13. | T.C. of last attended Institute |
| 6. | Rajasthan Domicile Certificate | 14. | Migration Certificate |
| 7. | Caste Certificate with issue date (as applicable) SC/ST/STA/OBC/MBC/EWS | 15. | Download Admission Form along with Annexure 1 to 3 |

काउंसलिंग हेतु यह आमन्त्रण एवं तद्नुसार काउंसलिंग में अभ्यर्थी की उपस्थिति उसे प्रवेश की गारंटी प्रदान नहीं करती है। केन्द्रीय प्रवेश मण्डल को परिस्थिति/आवश्यकता अनुसार काउन्सलिंग के निर्धारित शिड्युल में परिवर्तन का पूर्ण अधिकार होगा व इसकी सूचना काउन्सलिंग स्थल पर दे दी जायेगी। काउन्सलिंग में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का भत्ता आदि नहीं दिया जायेगा। प्रवेश सम्बन्धी सभी अधिकार राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पास सुरक्षित रहेंगे। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रवेश प्रक्रिया मे भाग लेने हेतु आने से पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rajuvas.org पर उपलब्ध इस विज्ञप्ति में दिये गये विवरण एवं RPVT Information Booklet-2022 को पूर्णतया पढ़कर दिये गए निर्देशों की पालना करते हुए काउंसलिंग में उन हेतु निर्धारित तिथि पर उपस्थित होवें।

**चेयरमैन,**
**केन्द्रीय स्नातक प्रवेश मण्डल**

Uploaded on – 28.01.2023